प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

पंचायती राज दिवस

देश में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस स्थानीय स्वशासन की औपचारिक संरचना के रूप में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। यह 1992 के 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन का प्रतीक है, जो 1993 में लागू हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायतीराज दिवस के अवसर पर देशभर के जनप्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा के साथ राष्ट्र सेवा के प्रति जनप्रतिनिधियों का समर्पण सभी को प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पंचायतीराज ज़मीनी स्तर के लोकतंत्र व सहभागी शासन की भावना का प्रतीक है और समावेशी विकास को मज़बूत करता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि ग्रामीण परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से स्त्री रोग विभाग को आई.जी.एम.सी. शिमला में स्थानांतरित करने का निर्णय राज्य सरकार ने सोच–समझ कर लिया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि केंद्र सरकार ने मातृ–शिशु अस्पताल अलग बनाने और हिमाचल में भी इसकी शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आई.जी.एम.सी. में महिलाओं को रोबोटिक तकनीक से अच्छा ईलाज मिलेगा। उन्होंने इसे लेकर कुछ संगठनों और डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को गलत बताया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

भारत–संयुक्त राष्ट्र सुधार

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार और ग्लोबल साउथ के मजबूत प्रतिनिधित्व के लिए अपने प्रयासों को दोहराया है। विदेश मंत्रालय के सचिव सिबी जॉर्ज ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतरेश से मुलाकात कर बहुपक्षवाद और वैश्विक निकाय के पुनर्गठन पर चर्चा की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब संयुक्त राष्ट्र बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहा है। वार्ता के दौरान भारत ने बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर बल दिया और विकासशील देशों की आवाज को बुलंद करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। दोनों पक्षों ने ग्लोबल साउथ के देशों को समर्थन देने के उद्देश्य से भारत–संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष सहित भारत की पहलों पर भी चर्चा की।

नमस्ते योजना

राष्ट्रीय यांत्रिक स्वच्छता पारितंत्र नमस्ते योजना ने देशभर में स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत कुल 90 हजार से अधिक सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों का संक्षिप्त और महत्वपूर्ण जानकारी संग्रह तैयार किया गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह योजना स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाती है।

मौसम

प्रदेश के अनेक ज़िलों में कल से मौसम के करवट लेने की संभावना है, जिसके चलते अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात जबकि अन्य भागों में वर्षा की संभावना है। इसके अलावा कांगड़ा, शिमला,

कुल्लू और कुछ अन्य मैदानी इलाकों में अंधड़ का अलर्ट जारी किया गया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य में 28 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिलने के आसार हैं।